79(M)-1(1)92

स्पाइसेस बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन)

SPICES BOARD (QUALITY MARKING)

विनियम, 1992

REGULATIONS, 1992

31 दिसंबर 97 तक को यथा संशोधित
(As amended upto 31st December 1997)

INDIAN SPICES

भारतीयता एवं गुणवत्ता का चिह्न

MARK OF INDIANNESS AND QUALITY

स्पाइसेस बोर्ड भारत

SPICES BOARD
(MINISTRY OF COMMERCE)
GOVT. OF INDIA
P.B. NO. 2277
COCHIN - 25.

स्पाइसेस बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियम, 1992

मसालों का विश्व व्यापार, मात्रा में 4 से 4.5 लाख मे.ट. और मूल्य की दृष्टि से 1300 से 1500 दस लाख यू.एस. डोलर आकलित किया गया है। उनमें से, मात्रा की दृष्टि से भारत का योगदान 25% है। औसत तौर पर यह आकलित किया जाता है कि आयात करनेवाले राष्ट्र परचूनी में आयातित मसालों का लगभग 40% इस्तेमाल करते हैं। अधिकांश प्रतिष्ठित पैककर्त्ता, विविध उत्पादक राष्ट्रों से मसाले आयातित करते हैं और अपने ही ब्रैंड नामों में खुदरे पैकों में विपणन करते हैं। परचूनिया में भारत का स्थान आज विशेष महत्व का नहीं है। ब्रैंडवाले उपभोक्ता पैक्ड मसालों को ''कल का उत्पाद'' नाम दिया गया है। आज भारत से प्राय: ढेरों में ही निर्यात होता है। बोर्ड का लक्ष्य, अगले पाँच सालों के भीतर, खुदरे पैकों में, हमारा योगदान उल्लेखनीय स्तर तक बढाना है।

बोर्ड ने, भारतीयता और भारतीय मसालों के सहज गुणों को दर्शाते हुए, अन्तर्राष्ट्रीय विपणि में भारतीय ब्रैंड वाले उपभोक्ता पैकों को बढावा देने केलिए एक योजना सूत्रबद्ध की है। यही विचार है कि उच्च गुण-स्तरवाले पैकों को गुण प्रमाणीकरण चिह्न- ''लॉगो'' प्रदान किया जाय लॉगों चिह्न, अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में भारत से निर्यात करनेवाले गुणवाले मसालों का प्रमाणीकरण चिह्न होगा। बोर्ड द्वारा, इस प्रतीक को गुण एवं भारतीयता के भरोसा के रूप में बढावा देने केलिए, विदेशी बाज़ारों में भी प्रचार कार्यक्रम किए जाएंगे। निर्यातकों को वैयक्तिक तौर पर, लॉगो सहित अपने ब्रैंड नामों को बढावा देने केलिए विदेशी बाज़ारों में प्रचार केलिए बोर्ड द्वारा मदद दी जाएगी।

बोर्ड ने वैयक्तिक पैककर्त्ताओं की क्षमता निर्णीत करने एवं अनुमोदन केलिए यूनिटों की परख करने की दृष्टि से यूनिटों की सफाई एवं स्वास्थ्यकर स्थितियों के मूल्यांकन केलिए कार्यविधि रूपायित की है। यह सरकार द्वारा अनुमोदित है और स्पाइसेस बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियम 1992 भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया गया है। मसालों के निर्यातक/पैकेर्स जो इस योजना से लाभ उठाना चाहते हैं, अनुपालन एवं लॉगो प्रदान करने योग्य बनने केलिए नियमावलियों में दी गई मार्गरेखाओं/शर्तों का पालन कर सकते हैं। योग्यता के पालनार्थ मार्गरेखाएं अगले पृष्ठों में दी जाती हैं।

भारत का राजपत्र

असाधारण

भाग II - खण्ड 3 - उपखण्ड (1)

प्राधिकार से प्रकाशित

(सं. 49 - नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 31, 1992/माघ 11, 1913)

IndiaCode

वाणिज्य मंत्रालय

मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 1992

मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992

सा.का.नि. 73 (अ) - मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 का 10) की धारा 39 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मसाला बोर्ड, केंद्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनाता है, अर्थात् -

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ -

(1) ये विनियम मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियम, 1992 कहे जायेंगे।

(2) ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

(3) यह स्कीम स्वैच्छिक है और केवल उन्हीं पर लागू होगी, जो इस स्कीम को चुनते हैं।

2. परिभाषाएं - इन विनियमों में, जब तक संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) "अधिनियम" से अभिप्राय मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 का 10) से है।

(ख) "बोर्ड" से अभिप्राय मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 का 10) की धारा की उप-धारा (1) के अधीन गठित किये गये मसाला बोर्ड से है,

(ग) "अध्यक्ष" से तात्पर्य मसाला बोर्ड के अध्यक्ष से है,

(घ) "प्राधिकृत अधिकारी" से अभिप्राय इस अधिनियम की धारा 34 के रूप में प्राधिकृत बोर्ड के किसी अधिकारी से है,

(ङ) "निर्यातकर्ता" से अभिप्राय ऐसे अधिकारी से है जिसके पास इस अधिनियम की धारा 11 के अधीन मसाले के निर्यात के लिये प्रमाण पत्र हो,

(च) "नाम शैली (लॉगो)" से अभिप्राय बोर्ड के पंजीकृत गुणवत्ता चिह्न से है,

(छ) "पैकर" से अभिप्राय निर्यात केलिए मसाले के पैक पर नामशैली (लॉगो) केलिए बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किसी निर्यातकर्ता से है।

(ज) "यूनिट" से तात्पर्य ऐसे किसी अनुमोदित परिसर से है जहां पैकर को लॉगो लगाने केलिए बोर्ड द्वारा अनुमति दी गई है।

(झ) "पैनल" का अभिप्राय मसाला बोर्ड, निर्यात निरीक्षण एजेंसी और यूनिटों के निर्धारण केलिए प्राधिकृत विवरण एवं निरीक्षण निदेशालय के अधिकारियों से मिलकर बने विशेषज्ञों के पैनल से है॥

(ञ) "पैक" का अभिप्राय अनुमोदन प्रमाण-पत्र में विशेष रूप से उल्लिखित और इन विनयमों में संलग्न परिशिष्ट में विहित मानक विनिर्देशों के अनुरूप मसालों और मसालों के मिश्रण के 25 कि.ग्रा. या उससे कम ** के उपभोक्ता पैकों से है॥

(ट) "नमूना" का अभिप्राय विनियम 7 में विहित किये अनुसार निरीक्षण के प्रयोजन से लिए गए मसालों के पैकेजों से है।

(ठ) "विनिर्देश" का अभिप्राय इन विनियमों में संलग्न परिशिष्ट में विहित किए अनुसार वर्गीकृत विनिर्देश से है।

3. नाम शैली (लॉगो) लगाने की शर्तें -

(1) नामशैली (लॉगो) का प्रयोग करने और लगाने वाले पैकर को विहित प्रफार्मा के प्रोफार्मा - 1 की दो प्रतियों में बोर्ड को आवेदन करना होगा।

(2) पैकर द्वारा नामशैली (लॉगो) का प्रयोग केवल बोर्ड द्वारा अनुमोदित यूनिटों केलिए किया जायेगा।

(3) अनुमोदन प्राप्त करने के प्रयोजन से पैकर को इन विनियमों में दी गई अपेक्षाओं को पूरा करना होगा।

(4) अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी करने की तारीख से तीन वर्ष केलिए विधिमान्य होगा जिसकी बोर्ड द्वारा आवधिक समीक्षा की जाएगी।

(5) उप-विनियम (1) के अनुसार आवेदन प्राप्त होने पर बोर्ड यूनिट मूल्यांकन की व्यवस्था करेगा और उसका अनुमोदन किए जाने पर अनुमोदन प्रमाण-पत्र जारी करेगा।

** राजपत्र अधिसूचना सं. सा. का. नि 113 दिनांक 15.2.1996 के अनुसार संशोधित

(6) यदि कोई यूनिट अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता तो अनुमोदन न किये जाने की सूचना पंजीकृत डाक से पैकर को दी जायेगी।

(7) सात दिनों का नोटिस देने के बाद, निम्नलिखित कारणों से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यूनिट के अनुमोदन को निलंबित किया जा सकता है -

(क) यदि यूनिट की सफाई एवं स्वास्थ्य की स्थितियां संतोषजनक न हों;

(ख) यदि यूनिट के अनुमोदित प्रौद्योगिकीविदों ने सेवा छोड़ दी हो या वे लंबी छुट्टी पर हों और पद दो महीने से अधिक अवधि से रिक्त हों;

(ग) यदि आवश्यक परीक्षण सुविधायें संतोषजनक रूप से नहीं रखी जाती।

(घ) यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक ही मसाले या मसाले पाउडर के लिए गये दो लगातार-नमूने अपेक्षित विनिर्देशों के अनुरूप के न हों।

(8) यूनिट के अनुमोदन को 15 दिन का नोटिस देने के बाद निम्नलिखित कारणों से वापस लिया जायेगा।

(क) यदि उप-विनियम (7) में दिये गये अनुसार निलंबन के कारण छ: महीने से अधिक अवधि तक बने रहे,

(ख) यदि पैकर ने इस अधिनियम के अधीन बनाये गये किसी विनियम के उपबन्धों का उल्लंघन किया है या जानबूझकर उल्लंघन करने का प्रयास किया है।

(9) पैकर को अनुमोदन न किये जाने, अनुमोदन को निलंबित किये जाने और अनुमोदन को वापस लेने की सूचना रजिस्टर्ड डाक से लिखित में दी जायेगी।

(10) अनुमोदन न किये जाने और अनुमोदन को वापस लिये जाने के मामले में पैकर द्वारा आवेदन किये जाने पर यूनिट का पुन: मूल्यांकन किया जायेगा।*

(11) निलंबन के मामले में यूनिट, केवल खराबियों को दूर करने और प्राधिकृत अधिकारी की लिखित अनुमति प्राप्त करने के बाद ही नामशैली (लोगो) फिर से लगाना आरंभ करेंगा।

(12) पैकर से नवीकरण केलिए आवेदन प्राप्त होने पर अध्यक्ष यूनिट के पिछले तीन वर्ष के कार्य निष्पादन के आधार पर एक बार में तीन वर्ष की अवधि केलिए अनुमोदन प्रमाण-पत्र का नवीकरण कर सकते हैं।

4. नामशैली (लोगो) लगाना - नामशैली (लोगो) केवल अनुमोदन प्रमाण पत्र में विशेष रूप से उल्लिखित किये गये और इन विनियमों में संलग्न परिशिष्ट में विहित किये अनुसार मानक विनिर्देशों के अनुरूप मसालों के पैकों पर ही लगाये जायेंगे।

5. **गुणवत्ता चिह्न की प्रक्रिया और अपेक्षाएं -**

(1) पैकर को सभी परीक्षण प्रक्रियाओं और विश्लेषणात्मक रिपोर्ट के दस्तावेज यह सुनिश्चित करने केलिए होंगे कि यूनिट में निर्यात केलिए पैक किए गए उत्पाद इन विनियमों के परिशिष्ट में विभिन्न मसालों के श्रेणी अभिधान और परिभाषाओं के अधीन दिए गए अनुसार अपेक्षित मानकों के अनुरूप हो।

(2) गुणवत्ता नियंत्रण एवं निरीक्षण परीक्षण केलिए पैकर रसायन विज्ञान के विषय के साथ स्नातक डिग्री प्राप्त या कृषि में डिग्री की न्यूनतम अर्हतावाली योग्यता प्राप्त प्रौद्योगिकीविद को नियुक्त करेगा।

(3) पैकर के पास विभिन्न मसालों केलिए इन विनियमों के परिशिष्ट में विहित किए गए सुसंगत गुणवत्ता पेरामीटरों के परीक्षण केलिए न्यूनतम उपस्करों और रसायनों सहित अपनी परीक्षण सुविधाएं होगी।

(4) लोगो चिपकाते समय पैकर को विभिन्न चरणों अर्थात कच्चे माल की स्वीकृति, संसाधन, पैकिंग, परीक्षण, संग्रहण आदि पर नियंत्रण रखना होगा। इस प्रयोजन से जिस परिसर में इस प्रकार के कार्यकलाप किए जाते हैं उसे विधिवत् पट्टे पर दिया जाएगा अथवा ऐसे कार्यकलाप विनिर्दिष्ट संविदाओं के अधीन किए जाएंगे। ऐसे परिसर में कोई परिवर्तन किए जाने पर अनुमोदन प्रमाण-पत्र में संशोधन करने केलिए इसकी सम्यक सूचना बोर्ड को दी जानी चाहिए।

(5) जहां पैकर के पास परीक्षण सुविधा केलिए अपनी निजी प्रयोगशाला न हो तो वह किसी बाहरी प्रयोगशाला की सेवाओं का उपयोग कर सकता है बशर्ते कि वह प्रयोगशाला निर्यात निरीक्षण एजेंसी की गुणवत्ता नियंत्रण स्कीम/विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय के

* राजपत्र अधिसूचना सं.का.आ. 210 दिनांक 19, जनवरी 1993 द्वारा संशोधित

अधीन अनुमोदित हो। ऐसी प्रयोगशालाओं का प्रयोग अधिकतम तीन वर्ष केलिए सीमित होगा और उस समय तक पैकर को अपनी निजी प्रयोगशाला स्थापित करने का प्रबंध करना होगा। विशिष्ट मामलों में अध्यक्ष इस अवधि को दो और वर्ष केलिए बढ़ा सकते हैं।

(6) सफाई एवं स्वास्थ्य (1) फैक्टरी के सभी परिसरों, मशीनों, उपस्करों एवं उपकरणों को साफ रखा जाना चाहिए ताकि धूल जमा होने, जाले लगने, कृतंक, पक्षियों और कीड़ों के प्रवेश से बचा सके और इसके लिए दरवाजों, खिड़कियों एवं रोशनदानों में तार की जालियों (वायर मेश) या नेट लगाई जाए। परिसर के परिवेश को साफ सुथरा रखा जाना चाहिए ताकि कृतंक न आ पाए और पशुओं के प्रवेश को रोका जा सके।

(II) उठाई-धराई, संसाधन और पैकिंग कार्य में लगे कार्मिकों को कोई संचारी रोग नहीं होना चाहिए। उन्हें यूनिट में कार्य करते समय हैड गियर और मुंह ढ़कन केलिए आवरण दिया जाना चाहिए।

(III) यूनिट में कम से कम दो प्रसाधन कक्ष, पुरुषों और महिलाओं केलिए अलग-अलग होने चाहिए जिनमें नल, वाश बेसिन लगे होने चाहिए और उनमें हाथ एवं पैरों को साफ करने केलिए पर्याप्त मात्रा में पानी और प्रक्षालक (डीटर्जेंट) होने चाहिए।

(7) पशुओं, कृतंकों, पक्षियों और नाशक कीटों का नियंत्रण -

(I) पैकर को यह सुनिश्चित करना होगा कि उठाई-धराई, संसाधन, विनिर्माण, पैकिंग एवं संग्रहण परिसर में पशु, कृतंक और पक्षी न आ पाएं।

(II) पैकर को प्रभावी नियंत्रण प्रक्रिया बनानी चाहिए और उसका रख-रखाव करना चाहिए ताकि कीड़ों के प्रवेश को रोका जा सके और जहां भी आवश्यक हो, आवधिक पीड़क जंतू नाशकों और रोगरोधी छिड़काव के कार्यक्रम रखे जाने चाहिए।

(8) संग्रहण और गृह व्यवस्था -

(I) अस्वीकृत वस्तुओं को "अस्वीकृत" का पहचान-चिह्न लगाकर गोदाम में अलग रखना चाहिए ताकि वे स्वीकृत वस्तुओं के साथ न मिल जाए।

(II) अस्वीकृत और अपशिष्ट सामग्री को यूनिट से समय-समय पर हटाया जाए।

(III) सभी पैकिंग सामग्रियाँ तथा खाली पैक बोर्ड द्वारा ब्रांड पंजीकरण केलिए विहित किए गए विनिर्देशों के अनुरूप होंगे।

(IV) पैकिंग सामग्री केलिए स्टोर की अलग व्यवस्था की जाए और उसे धूल, कीड़े, कृतंकों से दूषित होने देकर और बहुत अधिक प्रकाश एवं बहुत अधिक या बहुत कम तापमान में इसकी गुणवत्ता पर प्रभाव नहीं पड़ने दिया जाए।

(V) निर्यात केलिए अंतिम रूप से पैक किए गए और पास किए गए उत्पादों को "निर्यात केलिए" का पहचान चिह्न लगाते हुए अलग से स्टोर किया जाएगा।

9. अभिलेखों का रख-रखाव

(I) यूनिट प्रलेखीकरण पद्धति निर्धारित करेंगे और इस प्रयोजन केलिए अभिलेखों को रखेंगे। इनमें अलग-अलग चरणों में विभिन्न मसालों के गुणवत्ता के पैरामीटरों का प्रलेखीकरण शामिल होगा।

(II) नामशैली (लोगो) मुद्रित किए हुए उपभोक्ता पैकों के निर्यात परेषणों में प्रयोग की गई मात्रा का लेखा दिया जाएगा और अभिलेखों को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पुनरीक्षण/निरीक्षण किए जाने के दौरान उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

10. अंश शोधन

तोल और माप केलिए यूनिट में प्रयोग आने वाले सभी उपस्करों, उपकरणों गेज (माप) एवं तराजुओं को समय-समय पर अंश घोषित किया जाएगा और अंश शोधन के प्रमाण में अभिलेख रखे जाएंगे।

हस्ताक्षर
अध्यक्ष, स्पाइसेस बोर्ड

6. **निरीक्षण पद्धति** - (1) नामशैली (लोगो) का प्रयोग प्राधिकृत करने केलिए इन विनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र - 1 के अनुसार आवेदन पत्र की प्राप्ति पर मसाला बोर्ड के दो अधिकारियों के दल द्वारा रिपोर्ट के आधार पर बोर्ड यूनिट में उपलब्ध सुविधाओं का मूल्यांकन

करने का प्रबंध करेगा। विभिन्न मसालों केलिए इन विनियमों के परिशिष्ट में निर्धारित गुणवत्ता की अपेक्षाओं को पूरा करने केलिए यूनिट में स्वच्छता, श्रेणीकरण, कंकड़ पत्थर अलग करना और पैकिंग जैसी सुविधाएं होनी चाहिए।

(II) यदि कोई कमी पाई जाती है तो उसे बोर्ड द्वारा निरीक्षण के बाद सात दिनों के अन्दर सुधार केलिए यूनिट को बताया जाएगा।

(III) विशेष पैनल द्वारा मूल्यांकन किए जाने से पहले बोर्ड के अधिकारी द्वारा किए गए सुधार का सत्यापन करेगा। यों सूचना प्राप्ति के पन्द्रह दिनों के अन्दर करेंगे।

(IV) इन विनियमों के अनुसार यूनिट में बोर्ड के अधिकारियों की रिपोर्ट के आधार पर मौजूद सुविधाएं विशेषज्ञ पैनल को बताई जाएंगी।

(V) बोर्ड के दल द्वारा रिपोर्ट में बताई गई सुविधाओं की पर्याप्ता का निर्णय करने केलिए विशेषज्ञ पैनल का*** गठन इस प्रकार होगा, अर्थात:-

1.	कार्यकारी निदेशक, मसाला बोर्ड	अध्यक्ष
2.	निदेशक, (विपणन) मसाला बोर्ड अथवा अध्यक्ष द्वारा मनोनीत मसाला बोर्ड के विपणन प्रभाग के अन्य कोई अधिकारी	सदस्य
3.	अध्यक्ष द्वारा मनोनीत एक वैज्ञानिक	सदस्य
4.	संबद्ध निर्यात निरीक्षण एजेंसी का एक प्रतिनिधि	सदस्य
5.	विपणन एवं निरीक्षण निदेशालय का एक प्रतिनिधि	सदस्य

पैनल केलिए कोरम तीन सदस्यों का होगा।

(VI) मूल्यांकन रिपोर्ट पर उचित विचार के बाद विशेषज्ञ पैनल यूनिट का दौरा कर सकता है और वह प्रपत्र II के अनुसार अपनी सिफारिशें देगा।

(VII) पैनल की सिफारिशें अनुमोदनार्थ अध्यक्ष को प्रस्तुत की जाएंगी। सिफारिशों पर अध्यक्ष का निर्णय यूनिट को लिखित रूप में दिया जाएगा।

(VIII) अनुमोदन न दिया जाना -

अनुमोदन न दिए जाने की स्थिति में, इन विनियमों के अनुसार यूनिट का पुन: मूल्यांकन किया जा सकता है।

(IX) अनुमोदन वापस लेना - (क) यूनिट का अनुमोदन विनियम 3 के उप विनियम (7) में दिए कारणों से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निलंबित किया जा सकता है।

(ख) यूनिट का अनुमोदन कम से कम पन्द्रह दिन का नोटिस देकर विनियम 3 के उपविनियम (8) में दिए कारणों से वापस लिया जा सकता है।

(ग) अनुमोदन निलंबित होने की स्थिति में यूनिट केवल विनियम 3 के उप-विनियम (11) के अनुसार "लोगो" लगाना शुरू कर देगी। अनुमोदन वापस लिए जाने की स्थिति में, यूनिट केवल विनियम 3 के उपविनियम (10) के अनुसार लोगो लगाना शुरू कर देगी।

(X) अनुमोदित यूनिटों की समीक्षा - (क) विशेषज्ञ पैनल अनुमोदित यूनिट के कार्य संचालन की, वर्ष में एक बार समीक्षा करेगा। ऐसा करते समय पिछले एक वर्ष के दौरान यूनिट के कार्य निष्पादन पर विचार किया जाएगा और अनुमोदन जारी रखने या वापस लेने की सिफारिश की जाएगी।

(ख) "लोगो" के अनुमोदन को निलंबित करने/वापस लेने के सभी मामलों में बोर्ड द्वारा अनुमोदित ब्रांड रजिस्ट्रेशन स्वत:निलंबित/समाप्त हो जाएगा।

(XI) स्पाइसेस बोर्ड "लोगो" के अधीन निर्यात केलिए परेषण तैयार करना : (क) पैकर इस विनियम के अनुसार उपभोक्ता पैक में निर्यात केलिए परेषण तैयार करेगा और तैयार किए गए परेषण की श्रेणी और गुणवत्ता इन विनियमों के परिशिष्ट में प्रत्येक मसाले केलिए निर्धारित विनिर्देशों में बताई गई इन श्रेणियों के संबंध में निर्धारित गुणवत्ता की परिभाषा के अनुरूप होगी।

(ख) अन्य मसालों केलिए क्वालिटी का श्रेणीकरण और परिभाषा मसाला बोर्ड द्वारा अलग से अधिसूचित की जाएगी।

(ग) मसालों की पैकिंग मसाला बोर्ड द्वारा अनुमोदित और पंजीकृत ** पचीस किलो ग्राम के या कम के पैकटों/ डिब्बों में होगी।

(XII) निर्यात के संबंध में सूचना : जो पैकर 'लोगो' के अधीन निर्यात केलिए मसाले पैक करना चाहता हो वह इन

** राजपत्र अधिसूचना सं सा.का.नि. 113 दिनांक 15 फरवरी '96 के अनुसार संशोधित

*** राजपत्र अधिसूचना सं सा.का.नि. (ई) दिनांक 31 दिसंबर '97 के अनुसार संशोधित

विनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र III में अग्रिम रूप में बोर्ड को इसकी सूचना देगा।

(XIII) निरीक्षण स्थल : (क) सूचना मिलने पर, बोर्ड यह निर्णय ले सकता है कि निरीक्षण केलिए परेषण का नमूना लिया जाए या नहीं।

(ख) बोर्ड परेषण के निरीक्षण का निर्णय सूचना-प्राप्ति पर या अन्यथा कर सकता है और उक्त निरीक्षण पैकर के अनुमोदित परिसर में किया जाएगा।

(ग) पैकर की यह जिम्मेदारी होगी कि वह निरीक्षण केलिए नमूने एकत्र करने और उन्हें मुहरबंद करने केलिए और साथ ही निरीक्षण केलिए सुविधाएं उपलब्ध कराए।

(घ) परिसर का निरीक्षण करने के अतिरिक्त बोर्ड को यह अधिकार है कि वह वास्तविक लदाई से पूर्व भंडारण के किसी भी स्थान पर मार्ग या घाट पर परेषण का पर्यवेक्षण कर सकता है।

(XIV) निरीक्षण का आधार : निर्यात किए जाने वाले मसालों का निरीक्षण सामान्यत: यह देखने केलिए किया जाता है कि उक्त मालु इन विनियमों के साथ संलग्न परिशिष्ट में विनिर्दिष्ट श्रेणी के अनुरूप है।

7. नमूना लेने और जाँच करने की प्रक्रिया:-

(1) जब बोर्ड परेषण की जाँच करने का निर्णय लेता है तो प्रत्येक ढेर में से नमूना लिया जाएगा। इस संदर्भ में ढेर का अर्थ है समान किस्म और श्रेणी के पैकेटों की कुल संख्या।

(2) ** नमूना लेने केलिए बोर्ड का अधिकारी नमूनों के एक प्रतिशत के रूप में पैकेज का चयन करेगा। परन्तु विश्लेषण केलिए प्रति ढेर में से अधिकतम 5 पैकेट लिए जाएंगे जैसेकि इन विनियमावलियों के परिशिट में निर्देशित है। निरीक्षण के प्रयोजन केलिए एक ढेर में साबुत मसाले अधिकतम 10 मीटरी टन और पिसे हुए मसाले 5 मीटरी टन होंगे।

(3) निरीक्षण केलिए पैकज का चयन बीच में से किया जाएगा और विभिन्न स्थितियों में रखे पैकेजों के यथासंभव नमूने लिए जाएँगे।

(4) यदि विश्लेषण के बाद नमूनों का ढेर इन विनियमों के साथ संलग्न प्रपत्र III में घोषित किस्म और श्रेणी के विनिर्देशों के अनुरूप ही पाया जाता तो इसकी सूचना निर्यातक को दी जाएगी।

(5) यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिए गए एक जैसे मसाले या मसाले पाउडर के दो क्रमिक नमूने इन विनियमों के अनुसार उस मसाले या मसाला पाउडर केलिए निर्धारित विनिर्देशों के अनुरूप नहीं पाए जाते तो यूनिट का अनुमोदन निलंबित कर दिया जाएगा।

8. कार्यशाला में नमूनों की जांच:-

(1) मसालों के नमूनों का, इन विनियमों के अनुसार अलग अलग मदों केलिए विनिर्दिष्ट सभी सुसंगत विशेषताओं की दृष्टि से विश्लेषण किया जाएगा।

(2) प्रत्येक नमूने की जांच की रिपोर्ट जांच की समाप्ति और दर्ज की गई टिप्पणियों के आधार पर दी जाएगी।

(3) प्राधिकृत अधिकारी की सिफारिशों/सुझावों के साथ जाँच रिपोर्ट की एक प्रति पैकर को भेजी जाएगी।

9. अपील:-किसी यूनिट के अनुमोदन न होने, अनुमोदन निलंबित होने या अनुमोदन वापस लिए जाने के कारण व्यथित पैकर वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार से पत्र की प्राप्ति के तीस दिनों के अंदर अपील दायर कर सकता है*।

10. दंड:- इन विनियमों में विनिर्दिष्ट आवश्यक अनुमोदन के बिना किसी निर्यातक या पैकर द्वारा "लोगो" का प्रयोग मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 (1986 का 10) की धारा 30 के अधीन दंडनीय होगा।

(एम ई एस बी एल 01/90/774)

टी. नंदकुमार, अध्यक्ष
स्पाइसेस बोर्ड.

* राजपत्र अधिसूचन सं. का. आ. 210 दिनांक 19.1.93 के अनुसार संशोधित
** राजपत्र अधिसूना सं साकानि 113 दिनांक 15 फरवरी '96 के अनुसार संशोधित

प्रपत्र - I

प्रेषक

सेवा में,

निदेशक (विपणन)
मसाला बोर्ड
कोचीन

महोदय,

स्पाइसेस बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) नियमावली, 1992 के अधीन मसाला बोर्ड "लॉगो" प्रदान करने केलिए कृपया हमारी संसाधन यूनिट का निरीक्षण करें। मसालों और मसाला उत्पादों के संसाधन केलिए हमारी यूनिट में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में हम नीचे जानकारी दे रहे है:

1. संसाधन यूनिट का नाम और पता :
2. मालिक का नाम और पता :
3. सौदा किए गए या निर्यात किए गए मसाले की मदें (उपर्युक्त के समर्थन में ब्यौरों का पृथक विवरण संलग्न करें) :
4. क्या विनिर्माता निर्यातक है या व्यापारी निर्यातक (वार्षिक उत्पादन क्षमता) :
5. मसाला बोर्ड में पंजीकरण प्रमाण-पत्र की संख्या :
6. मसाला बोर्ड में पंजीकृत ब्रांड नाम/व्यापार चिह्न और पंजीकृत सं. :
7. क्या गोदाम आपका अपना है या किराये पर लिया है :
8. फैक्टरी में उपलब्ध सुविधाओं का ब्यौरा प्रस्तुत करें (क्षेत्र, मशीनरी, प्रकाश व्यवस्था, भंडारण और सफाई) :
9. क्या परिसर विपणन और निरीक्षण निदेशालय या निर्यात निरीक्षण एजेंसी द्वारा अनुमोदित है? :
10. प्रौद्योगिकीविदों के नाम, योग्यताओं और अनुभवों के साथ उनकी संख्या :
11. क्या आपके परिसर में कोई गुणवत्ता नियंत्रण कार्यशाला है? :
12. यदि नहीं, तो उस कार्यशाला का नाम, जहां उत्पादों की गुणवत्ता की जांच की जाएगी। :

हम एतद द्वारा घोषणा करते हैं कि हम मसाला बोर्ड निर्यात (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992 के उपबंधों का पालन करते है और ऊपर दिए गए ब्यौरे हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है तथा इसमें कुछ भी छुपाया नहीं गया है। हम बिना नोटिस के, सभी कार्यदिवसों पर सभी उपयुक्त समयों पर (प्रात: 8 से सायं 5 बजे तक) "लॉगो" प्रदान किए जाने और निर्यात केलिए परेषण के नमूनों केलिए अनुमोदित संसाधन यूनिट तथा कार्यशाला में प्राधिकृत अधिकारी को प्रवेश और निरीक्षण की अनुमति देने केलिए भी सहमत हैं।

भवदीय

स्थान :
तारीख :

हस्ताक्षर
नाम :
पदनाम :
(मुहर सहित)

IndiaCode

प्रपत्र - II

मसाला बोर्ड

वाणिज्य मंत्रालय, भारत सरकार

कोचीन

स्थान :

तारीख :

विशेषज्ञों के पैनल की रिपोर्ट

स्पाइसेस बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित सदस्योंवाले विशेषज्ञ पैनल ने निर्यात केलिए मसालों के संसाधन केलिए यूनिट में उपलब्ध सुविधाओं की पर्याप्तता पर निर्णय लेने केलिए.....यूनिट का नाम).....स्थित मेसर्स.....(संसाधक का नाम).....की संसाधन यूनिट का दौरा किया।

1.
2.
3.
4.
5.

2. पैनल यूनिट के निम्नलिखित व्यक्तियों से मिला:

1.
2.
3.

3. पैनल ने सर्वेक्षण रिपोर्ट के अवलोकन और यूनिट में उपलब्ध सुविधाओं के सम्यक मूल्यांकन के बाद मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992 के अधीन निर्यात केलिए मसालों के संसाधन केलिए मेसर्स.....(यूनिट का नाम) का अनुमोदन करने केलिए सिफारिश करने/निम्नलिखित कमियों के कारण सिफारिश न करने का निर्णय लिया है।

4. कमियां

1.
2.
3.
4.
5.

पैनल ने सम्यक् मूल्यांकन के बाद संसाधन पूर्व कार्यों और संसाधन कार्यों के पर्यवेक्षण केलिए तथा मसालों का ज्ञानेंद्रिय सुग्राह निरीक्षण करने और जांच करने केलिए श्री.....को अनुमति देने का निर्णय लिया है।

5. संसाधन के अनुपालन केलिए पैनल ने निम्नलिखित सिफारिशें की हैं:-

1.
2.
3.
4.
5.

6. अभ्युक्तियां, यदि कोई हों।

पैनल के सदस्यों के नाम और हस्ताक्षर

IndiaCode

प्रपत्र – III
निर्यात से संबंधित सूचना

प्रेषक

सेवा में,

निदेशक (विपणन)
मसाला बोर्ड
कोचीन

महोदय,

मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992 के अधीन निर्यात केलिए पैक किए गए परेषण का ब्यौरा इस प्रकार है:

1. निर्यातकर्ता का नाम और पता :
2. संसाधक का नाम और पता :
3. परेषण का विवरण :
   (क) पण्य का नाम :
   (ख) ब्रांड नाम :
   (ग) मात्रा :
   (घ) पैकेजों की संख्या :
   (ङ) श्रेणी/किस्म आदि :
   (च) पैकिंग की तारीख :
   (छ) मूल्य :
   (ज) पोत परिवहन संबंधी निर्देश :
   (झ) गन्तव्य स्थान का बंदरगाह :
4. वह सही पता जहां माल निर्यात केलिए भंडार में रखा गया है :
5. निर्यात संविदा में यथा अनुबंधित विनिर्देशों सहित तकनीकी अपेक्षाएं :
6. लदाई का ब्यौरा
   (क) लदाई की संभाव्य तारीख :
   (ख) पोत का नाम :
   (ग) लदाई की तारीख :
   (घ) लदाई जिस बंदरगाह पर की गई हो। :
7. मुहर का ब्यौरा, यदि कोई हो :
8. कोई अन्य सुसंगत जानकारी :
9. निर्यात निरीक्षण एजेंसी/विपणन और निरीक्षण निदेशालय को परेषणों का संदर्भ और सूचना भेजने की तारीख, यदि लागू हो तो :

एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित परेषण मसाला बोर्ड (गुणवत्ता चिह्नांकन) विनियमावली, 1992 से संबंधित शर्तों को पूरा करते हुए संसाधित किए गए हैं।

यह सत्यापित किया जाता है कि ऊपर उल्लिखित परेषण का पहले निरीक्षण नहीं किया गया है।

हस्ताक्षर :
पदनाम :
निर्यातकर्ता की मुहर:

IndiaCode

परिशिष्ट

टेलीचेरी और मलबार की चुनी हुई काली मिर्च की श्रेणियां और गुणवत्ता परिभाषा

श्रेणी	आकार जिस छलनी में इन्हें रखा जाना है उसके छिद्रों का व्यास	बाह्य पदार्थ जिनका वजन नीचे दी गई प्रतिशतता से अधिक नहीं होगा	बारीक टुकड़े जिनका वजन नीचे दी गई प्रतिशतता से अधिक नहीं होग	नमी जिसका वजन नीचे दी गई प्रतिशतता से अधिक नहीं होगा	सामान्य विशेषताएं
टी जी एस ई बी (टेलीचेरी गार्बल्ड स्पेशल एक्स्ट्रा	4.75	0.5	3.0	11.0	ये भारत में उगाई जाने वाली पिपर निग्रम के पके हुए, चुने हुए सूखे फल होंगे, जो गहरे भूरे से लेकर
टी जी ई बी (टेलीचेरी गार्बल्ट एक्स्ट्रा बोल्ड)	4.25	0.5	3.0	11.0	गहरे काले रंग के होंगे और लगभग ग्लोबाकार के होंगे और इनपर झुर्रियों से पूरे दानेपर जाल बना रहेगा। इस पर फफूंद या कीड़े नहीं लगेंगे और अन्य कोई मिलावट नहीं होगी।
एम जी ग्रेड-1 (मलबार गार्बल्ड ग्रेड-1)		0.5	2.0	11.0	

1. 5% की छूट सीमा स्वीकार्य होगी।
2. इनमें पिन हेड, धूल, भूसी, तिनके पिकिंग तथा अन्य बाह्य पदार्थ शामिल होंगे।
3. सामान्य तापमान (लगभग 25° से.) पर 0.80 से 0.82 विशिष्ट घनत्व के आल्कहोल या मेथीलित स्पिरिट में तैरा कर हल्के दानों की मात्रा की जांच की जाएगी।

टिप्पणी:- संयुक्त राज्य अमेरिका को भेजे जाने वाले परेषण भी यू एस एफ डी ए मानक के अनुरूप होंगे।

पिसी हुई काली मिर्च की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

	गुणवत्ता की परिभाषा खास विशेषताएं				
श्रेणी	नमी की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	कुल चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	अम्ल में घुलनशील चूरे की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	कड़े रेशे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	सामान्य विशेषताएं
मानक	11.0	7.0	1.2	18.0	पिसी हुई काली मिर्च साबुत काली मिर्च को पीस कर तैयार की जाएगी। इसमें मिलावट नहीं होगी, इसमें फफूंदी, कीड़े या फफूंददार गंध नहीं होगी।

टिप्पणी :- 1. कण का आकार खरीददार के बताए अनुसार होगा।

2. संयुक्त राज्य अमरीका को भेजे जाने वाले परेषण भी यू एस एफ जी ए मानक के अनुरूप होंगे।

इलायची की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

श्रेणी	व्यापारिक नाम	रंग	खास विशेषताएं: खोखले और विकृत कैपसूल की, गिनती के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	कच्चे और मुरझाए हुए कैपसूल की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	काले और टुकडे की, गिनती के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	जिस छलनी में इसे रखा जाता है, उसका आकार (उसके छिद्रों का व्यास मि. मीटर में)	वजन जी/एल मे (न्यूनतम)	सामान्य विशेषताएं
ए जी ई बी	कार्डमम एक्स्ट्रा बोल्ड	गहरा हरा, हरा या हल्का हरा	2.0	2.0	0.0	7.0	435	1. इलायची दक्षिण भारत में उगाई जाने वाली इलिटरिया कार्डामोम के सूखे कैपसूल तीन कोनों वाले और ए जी ई बी और ए जी बी किस्म लाइनदार होती है। सी जी ई बी और सी जी बी के मामले में कैपसूल का आकार ग्लोबाकार और सतह लाइनदार या चिकनी होगी।
ए जी ई बी	कार्डमम बोल्ड	-वही-	2.0	2.0	0.0	6.0	415	
सी जी ई बी	एक्स्ट्रा बोल्ड		0.0	0.0	0.0	8.0	450	
सी जी बी	बोल्ड		2.0	3.0	0.0	7.5	435	2. कैपसूलों में कीड़े या फफूंदी नहीं लगी होगी।
बी एल...		विरंजित या अर्द्ध विरंजित	0.0	0.0	0.0	8.50	340...	3. कैपसूल पर लगे मात्र कीट चिह्नों से ही यह निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा कि कैपसूलों पर कीड़े लग गए हैं।

शब्दों की परिभाषाएं: 1. खाली और विकृत कैपसूल : जिन कैपसूलों में दाने न हों या नाममात्र के दाने हों। इसके लिए नमूनों में से बीच-बीच में से 100 कैपसूल चुने जाएंगे और खोल कर देखे जाएंगे और खाली तथा विकृत कैपसूलों को गिन लिया जाएगा।

IndiaCode

2. कच्चे और मुर्झाए हुए कैपसूल : वे कैपसूल जो पूरी तरह विकसित न हुए हों।

3. काले पड़ गए था टूटे हुए कैपसूल : काले पड़ने वाले कैपसूल वे है जो हल्के काले से काले हो गए हैं और टूटे हुए कैपसूल वे हैं जो किसी सिरे से आधे से ज्यादा खल गए हों।

* रंग : इलायचियां अपने रंगों के अनुसार, यथा (क) गहरा हरा (ख) हरा (ग) हल्का हरा और पीला - हल्का भूरा रंग-अलग अलग पैक की जाएंगी। पूर्ण विरंजित और अर्द्ध विरंजित इलायचियों के मामले में पैकेट के अनुरोध पर कैपसुलों का रंग सूचित किया जाएगा, यथा

(1) हल्के-क्रीम रंग का या (2) मन्द श्वेत इलायची का रंग लेबल पर दर्शाया जाएगा बशर्ते कि कम से कम 95 प्रतिशत कैपसूल किसी रंग के ग्रुप में आते हों। यदि इलायची ऊपर दिए गए किसी एक रंग की न हो तो लेबल पर इस के बारे में कुछ नहीं लिखा जाएगा।

* अगले निम्नतर आकार के 5 प्रतिशत की छूट सीमा स्वीकार्य होगी।

** यदि 95 प्रतिशत से अधिक कैपसूलों पर उनकी सतह पर 50 प्रतिशत से अधिक कौट चिह्न नहीं है तो ग्रेड बी एल 1 पर "विशेष" लिखा जाएगा।

*** जी/एल अधिकतम में करकट (लिट्टर) का वजन।

इलायची के दानों की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा:

श्रेणी	व्यापारिक नाम	खास विशेषताएं			सामान्य विशेषताएं
		*बाह्य पदार्थ वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	*हल्के दाने, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	जी/एल में वजन (न्यूनतम)	
सी एस 1	प्राइम	1.0	3.0	6.75	1. ये इलेट्टारिया कार्डेमम की किसी किस्म के सूखे और छिले हुए दाने होंगे। 2. इन दानों में कोई फफूंदी या कीड़े लगे नहीं दिखाई देंगे।

शब्दों की परिभाषा:

* बाह्य पदार्थ : इनमें कैलिक्स टुकड़े डंठल के अंश और ऐसे पदार्थ शामिल होंगे।

* हल्के दाने : इनमें भूरे या लाल रंग के, कच्चे या मुरझाए हुए दाने आते हैं।

पिसी हुई इलायची की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

श्रेणी	नमी की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	खास विशेषताएं		सामान्य विशेषताएं
		कुल चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	तरल या तनुकृत हाइड्रोक्लोरिक एसिड में घुलनशील चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	

मानक	14.0	8.0	3.0	1. पिसी हुई इलायची इलेट्टारिया कार्डमम एल. के. कैपसूलों से निकाले गए दानों से तैयार की जाती है। 2. इसमें कोई मिलावट, फफूंदी, कीड़े या फफूंददार गंध नहीं होगी।

टिप्पणी : कण का आकार खरीददार के बताए अनुसार होगा।

सोंठ की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

	खास विशेषताएं		
श्रेणी	*प्रकंदों का आकार	बाह्य पदार्थ वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4
1. श्रेष्ठ, अविरंजित कालिकट (ए जी के) 2. श्रेष्ठ, अविरंजित कोचीन (एन जी सी)	लम्बाई 15 मि. मी. से कम नहीं	2.0	साबुत सोंठ: 1. जिंगीबर आफिसिनेल रोज के सूखे प्रकंद होते है, जो टुकड़ों में होंगे, स्वरूप और आकार में बेढंगे, पीले-भूरे रंग के होते हैं तथा उसमें किस्म की विशेषता के अनुसार रेशे होंगे तथा छिलके पूरी तरह से उतरे हुए नहीं होते और हल्के दानों को चुन कर निकाल दिया जाएगा। 2. इसका अपना विशिष्ट स्वाद और सुगंध होगा, यह स्वास्थ्यकर होगा, इसमें से बासी, कड़वा स्वाद या फफूंददार गंध नहीं आएगी। 3. उपयुक्त रूप से सूखा होगा और इस पर फफूंदी और कीड़े नहीं लगे होंगे।

टिप्पणी * आकार केलिए छूट सीमा : अधिकतम छूट सीमा 3 प्रतिशत स्वीकार्य होगी। बाह्य पदार्थ से अभिप्राय सभी बाहरी पदार्थों से है, जिनमें सूखी हुई और प्रयुक्त सोंठ भी शामिल है।

पिसी हुई सोंठ की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

	खास विशेषताएं							
श्रेणी	नमी के वजन की प्रतिशतता (अधिकतम)	कुल चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	अघुलनशील चूरे की (तनुकृत एच सी एल में) वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	पानी में घुलनशील चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (न्यूनतम)	ठंडे पानी में घुलनशील तत्व की वजन के अनुसार प्रतिशतता (न्यूनतम)	कैल्शियम (मी ए ओ) के वजन के अनुसार प्रतिशतता (न्यूनतम)	आल्हकोल घुलनशील तत्व की वजन के अनुसार प्रतिशतता (न्यूनतम)	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9
मानक	13.0	8.0	1.0	1.7	10.0	2.0	4.5	1. पिसी हुई सोंठ साबुत सोंठ को पीस कर बनाई गई सामग्री होगी। 2. मिलावट फफूंदी, गंध आदि से मुक्त होगी।

टिप्पणी :- कण का आकार खरीददार के बताए अनुसार होगा।

हल्दी की गांठ की श्रेणी और गुणवत्ता की परिभाषा

	खास विशेषताएं						
श्रेणी	लचीलापन	टुकड़ों की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	बाह्य पदार्थ की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	चूरा एवं खराब गांठों की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	वजन के अनुसार गांठों की प्रतिशतता (अधिकतम)	हल्दी में मिलाई गई किस्में (प्रतिशतता)	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4	5	6	7	8
1. विशेष	छूने में सख्त तथा किसी धातु से मारने से टूटनी चाहिए	2		1.0	0.5	2.0	1. हल्दी की गाँठ ककुमा लौंग एस. पौधे की पिछली प्रकंद होती है।
2. राजापुर स्पेशल		3		1.0	3.0	2.0	2. वे - क) भली प्रकार कलम की

						हुई और छोटे-छोटे टुकड़ों में होगी तथा इस में शल्ककंद (अगली प्रकंद) और दोषपूर्ण रूप से विकसित सरम्र गाँठें नहीं होंगी।
	3. आलप्पी छूने में सख्त गुड़ होनी चाहिए	5	1.0	3.0	4.0	(क) आकार, लंबाई, इस के रंग और अन्य विशे षताएँ किस्म के अनु-रूप होंगी।
						(ग) पूरी तरह सूखी होगी और घुन, नमी तथा अधिक्षयन या कवक से क्षति ग्रस्त नहीं होगी, किंतु गुड़ श्रेणी में वजन के अनुसार 1.0% और 2.0% नमी और अधिक उबालने के कारण खराब हुई प्रकंद शामिल होने की अनुमति है।

* टुकड़े टूटी हुई या साबुत वे गांठें जो लंबाई में 15 एम एम या कम हों।

** आलप्पि से भिन्न किस्म की भारत में उत्पादित हल्दी की गांठ।

परिभाषाएं: 1. हल्दी की गांठ की लंबाई गांठ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक लंबाई में नापी जाएगी। भीतरी भाग का रंग और लचीलापन हाथों से ताजा तोड़ कर देखा जाएगा।

2. बाह्य पदार्थों में भूसी, सूखे पत्ते, मृत्तिका कण, धूल, गंदगी और कोई अन्य बाहरी पदार्थ शामिल है।

IndiaCode

3. चूरा और खराब बल्ब (गाठों) में घुल लगी शल्ककंद गांठों को छोड़कर कच्ची छोटी गांठों तथा/या अंदर से खराब हुई खोखली और सरन्ध्र गांठें, फटी गांठें और अन्य प्रकार की खराब गांठें शामिल है। छूट की सीमाएं फफूंद के वजन के हिसाब से 3 प्रतिशत और कीड़ों के दूषण/उत्पीड़न के हिसाब से 2.5 प्रतिशत होगी।

पिसी हुई हल्दी की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

श्रेणी	खास विशेषताएं						सामान्य विशेषताएं
	नमी की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	कुल चूरे की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	प्रति दस लाख में लेड (पी बी) का अंश (अधिकतम)	स्टार्च की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	क्रोमेट जांच	अम्ल अघुलनशील चूरे की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	
1	2	3	4	5	6	7	8
1. मानक	10.0	7.0	2.5	60.0	नकारात्मक	1.5	1. पिसी हुई हल्दी साफ, सूखी हल्दी (करकुमा लौंगा एल) प्रकंदों को पीस कर तैयार की जाएगी। 2. इसका अपना विशिष्ट स्वाद और सुगंध होगा तथा यह फफूंददार गंध से मुक्त होगा। 3. यह गंदगी, फफूंदी और कीड़ों से मुक्त होगी। 4. इसमें लोह क्रोमेट परिरक्षकों जैसे किन्हीं रंग कारकों तथा अनाज, दाल, आटा या किसी मिलाए हुए स्टार्च जैसे अन्य पदार्थ नहीं होंगे।

टिप्पणी:- कण का आकार खरीददार के बताए अनुसार होगा।

IndiaCode

सूखी लाल मिर्च की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

				खास विशेषताएं छूट की अधिकतम सीमा						
श्रेणी	व्यापारिक नाम	लम्बाई से. मी. में	रंग	क्षतिग्रस्त और विवर्ण मिर्च	बिना डंडी के मिर्च	नमी	निकले हुए बीज	बाह् पदार्थ	टूटी हुई सूखी लाल मिर्च	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
एस.एस.	सनम स्पेशल	5 से. मी. और अधिक	हल्का लाल चमकदार	2.00	2.00	11.50	1.00	1.00	5.00	सूखा लाल मिर्च (क) कैप्सिकम एनम एल. जाति का सूखा पका हुआ फल है।
एम. एस.	मुंडू स्पेशल	2.5 से.मी. से अधिक नहीं	गहरा लाल चमकदार	2.00	5.00	11.50	1.00	1.00	1.00	(ख) अपनी किस्म के अनुसार सामान्य आकार, तीखापन और बीज की मात्रा होती है।
स्पेशल (सनम एंव मुंडू से भिन्न			किस्म की विशेषताएं	2.00	2.00	11.50	1.00	1.00	3.00	(ग) फफूंदी या कीड़ों से खराब हुई नहीं होगी और अच्छी हालत की होती है।
										(घ) चालू वर्ष की फसल में होती है और इसमें बाहरी रंगदार पदार्थ, तेल और अन्य हानिकारक तत्व नहीं होंगे।

IndiaCode

लम्बाई : कालम 3 में विनिर्दिष्ट छूट सीमा बीच-बीच में से चुने गए 20 फलों की औसत लम्बाई पर आधारित होगी। मिर्च का नाप मिर्च नोक से पुष्पवृन्त सिरे (जहां डंडी जुड़ी होती है) तक लिया जाता है।

विवर्ण मिर्च : भूरी, काली, सफेद तथा अन्य रंग की चित्तियों वाली मिर्च विवर्ण मिर्च कहलाती है।

बाह्य पदार्थ : कैलिक्स टुकड़ों और अलग निकली हुई डंडी सहित सभी पदार्थ बाह्य पदार्थ माने जायेंगे। आकस्मिक गलतियों केलिए कालम 5 के अधीन 0.5 प्रतिशत छूट दोनों श्रेणियों में स्वीकार्य है।

डंडी रहित तथा काटी छांटी गई सूखी लाल मिर्च की श्रेणियां और उनकी गुणवत्ता की परिभाषा

श्रेणी	व्यापारिक नाम	डंडी वाली मिर्च	कैलिक्स सहित मिर्च	खास विशेषताएं			सामान्य विशेषताएं
				छूट की अधिकतम सीमा			
				अलग निकले हुए बीज		बाह्य पदार्थ	
1	2	3	4	5	6	7	8
सामान्य डंडी रहित	डंडी रहित सूखी लाल मिर्च	1.00	5.00	11.00	5.00	0.5	सूखी लाल मिर्च- (क) कैपसिकम एनम एल. जाति से संबंधित सूखा पका हुआ फल होता है।
सामान्य मिर्च (काटी-छांटी गई	काटी-छांटी हुई सूखी लाल मिर्च	1.00		11.00	3.00	0.05	(ख) फफूंदी या कीड़ा लगा हुआ नहीं दिखाई देगा तथा अच्छी हालत में होता है।
							(ग) एक वर्ष की फसल होती है और इसमें रंग केलिए बाहरी तेल और अन्य हानिकारक तत्व नहीं मिलाए जायेंगे।

लंबाई : कालम 3 में विनिर्दिष्ट छूट सीमा बीच-बीच में से चुने गए 20 फलों की औसत लम्बाई पर आधारित होगी। मिर्च का नाप मिर्च की नोक से पुष्प वृन्त सिरे (जहाँ डंडी जुड़ी होती है) तक लिया जाता है।

विवर्ण मिर्च : भूरी काली, सफेद तथा अन्य रंग की चित्तियों वाली मिर्च विवर्ण मिर्च कहलाती है।

बाह्य पदार्थ : कैलिक्स के टुकड़ों और अलग निकली हुई डंडी सहित सभी पदार्थ बाह्य पदार्थ माने जायेंगे। आकस्मिक गलतियों केलिए कालम 5 के अधीन 0.5 प्रतिशत छूट दोनों श्रेणियों में स्वीकार्य है।

(1) डंडी रहित सूखी लाल मिर्च कैलिक्स और डंडियों को अलग करने के बाद सूखी लाल मिर्च केलिए किसी श्रेणी में निर्दिष्ट गुणवत्ता के अनुरूप तैयार की जायेंगी।

(2) काटी छांटी हुई सूखी लाल मिर्चों में कैलिक्स लगा रहने देकर और आधार से डंडियों को निकाल कर सूखी लाल मिर्च केलिए किसी श्रेणी में निर्दिष्ट गुणवत्ता के अनुरूप बनाया गया होगा।

(3) डंडी रहित और काटी छांटी गई सूखी लाल मिर्च की श्रेणी वही होगी जिससे वे तैयार की गई है, लेकिन श्रेणीकरण करते समय यथास्थिति "डंडी रहित/काटी छांटी हुई" शब्द, जोड़े जायेंगे।

IndiaCode

पिसी हुई लाल मिर्च की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

	खास विशेषताएं					
श्रेणी	कुल चूरे की, वजन के अनुसार प्रतिशतता	एच.सी.एल में अघुलनशील चूरे की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	कड़े रेशों की वजन के अनुसार प्रतिशतता (न्यूनतम)	अवाष्पशील ईथर की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	नमी की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4	5	6	7
मानक	8.00	1.25	30.0	12.00	10.00	पिसी हुई लाल मिर्च केवल पहाड़ी मिर्च की जाति के शुद्ध साफ सुखे और पके फल को पीस कर तैयार की जाती है और उसमें कोई बाह्य पदार्थ नहीं होगा। इसमें कोई कीड़े और/या फफूंदी कोई पदार्थ, तेल सुगन्ध पदार्थ और परिरक्षण तथा अन्य बाह्य तत्व और अनुकल्प और कोई बाह्य या अप्रिय गंध या सुगन्ध नहीं होगी।

टिप्पणी: कण का आकार खरीददार के बताए अनुसार होगा।

सूखे धनिये की श्रेणियां और गुणवत्ता की परिभाषा

	खास विशेषताएं					
श्रेणी	बाह्य पदार्थ की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	टूटे, सूखे धनिये की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	क्षतिग्रस्त काले और कीड़ा लगे धनिये की वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	मुरझाए हुए तथा कच्चे धनिये की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	नमी की, वजन के अनुसार प्रतिशतता (अधिकतम)	सामान्य विशेषताएं
1	2	3	4	5	6	7
विशेष	1.5	10.0	1.0	1.0	10.0	सुखा धनिया - (क) कोरिएंड्रम सेरिवम एल नाम से जाना जाने वाले

IndiaCode

	वानस्पतिक पौधे का सूखा परिपक्व फल होगा।
	(ख) इसमें कोई फफूंदी, जीवित कीड़े दिखाई नहीं देते और इसमें हानिकर बाह्य पदार्थ और फफूंद गंध नहीं होगी।
	(ग) प्राय : अपनी किस्म/ प्रकार के अनुरूप आकार, स्वरूप, स्वाद, रंग और सुगंध वाला होगा।

परिभाषाएँ:

(1) बाह्य पदार्थ का अर्थ है धूल, गंदगी, पत्थर, मिट्टी, भूसी, डंडी, डंठल, तिनके या अन्य ऐसे पदार्थ।

(2) टूटे हुए सूखे धनिये वे फल हैं जो स्क्रीन में टूट गए हैं।

(3) क्षतिग्रस्त और काले धनिये के साबुत या टूटे हुए फल हैं जो क्षतिग्रस्त या काले हो गए हैं और जिनसे गुणवत्ता पर काफी प्रभाव पड़ता है।

(4) कीड़े के छेद वाले धनिये वे साबुत या टूटे हुए फल हैं जिन्हें आंशिक या पूर्ण रूप से फफूंदी या अन्य कीड़ों द्वारा बेधा या खाया गया हो।

